प्रैस विज्ञप्ति **19.02.2021**

अग्रवाल महाविद्यालय का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ नाम रोशन

दिनांक 19 फरवरी 2021

हार्टफुलनेस के तत्वाधान में एक राष्ट्रीय स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ध्यातव्य रहे इस कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के माननीय उप राष्ट्रपति श्री एम० वेकैया नायडू और हार्टफुलनेस के वैश्विक गाइड दाजी (श्री कमलेश डी० पटेल) के कर कमलों द्वारा हुआ था। निबंध प्रतियोगिता का परिणाम जारी करते हुए आज अग्रवाल महाविद्यालय में छात्राओं को पुरस्कृत किया गय। इसमें अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा चेतना (एम० ए० हिंदी) ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त करके अग्रवाल महाविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई। महाविद्यालय को पचहत्तर हजार की इनाम राशि तथा छात्रा को पुरस्कारस्वरूप प्रतीक चिह्न एवं प्रमाण पत्र भेंट किया। यह गर्व का विषय है कि अग्रवाल महाविद्यालय से ही राज्य स्तर पर सोनल ने चौथा स्थान, प्रगति पांडे ने छठा स्थान, शिवांगी ने दसवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता जी और हार्टफुलनेस के प्रशिक्षु एस० पी० शर्मा ने इस मौके पर सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता जी ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए छात्राओं को बधाई दी और बताया कि महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जाता रहा है और साथ ही महाविद्यालय ऐसा वातावरण देता रहा है जिससे बच्चे अपनी प्रतिभा का पूर्ण विकास कर सके। इस उपलक्ष्य में डॉ० के० एल० कौशिक, श्रीमती कमल टंडन, डॉ० जय पाल सिंह, डॉ० रामचन्द्र, डॉ० पूजा सैनी, सुश्री सुप्रिया ढांडा, डॉ०संतोष विश्नोई उपस्थित रहे और छात्रों को बधाई देते हुए भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की।